हिन्दुस्तान
सोमवार
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO, 09, MIDDLE

# ‘कैंसर से बचाव को सही जांच जरूरी’

बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रविवार को बायोकैमिस्ट्री व ओंकोलाजी विभाग की ओर से सीएमई आयोजित हुई। एसआरएमएस के आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट व शोध संस्थान के सहयोग से आयोजित इस सीएमई में क्लिनिकल बायोकैमिस्ट्री में इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च की भूमिका पर चर्चा की गई।

सीएमई में विशेषज्ञों ने कैंसर की रोकथाम के लिए जांच को जरूरी बताया और इसमें बायोकैमिस्ट्री की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा के साथ इससे संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। सीएमई में कैंसर के इलाज में नेचुरोपैथी की भूमिका, कैंसर और दूसरी गंभीर बीमारियों में फाइटोकैमिकल्स की भूमिका, कैंसर और दूसरी गंभीर बीमारियों में माइक्रोन्यूट्रिएंट की भूमिका, कैंसर व दूसरी गंभीर बीमारियों में डिटाक्सिफिकेशन आदि पर व्याख्यान दिए गए।



एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में क्लीनिकल बायोकैमिस्ट्री आयोजित की गई।